# RANCHI WOMEN'S COLLEGE

# NEWS LETTER

DECEMBER 2023



## Principal's Message

It is with great pleasure that I congratulate and appreciate the editor, students , faculty members and staff for this edition of our college newsletter.

As we complete first semester of another academic year. I am filled with immense pride in the progress and accomplishments we have achieved together. Ranchi Women's College continues to stand as a beacon of excellence in education, empowering young women to pursue their dreams with confidence and determination.

Our focus remains on holistic development, ensuring that each student not only excels academically but also grows in character, leadership, and social responsibility. Our dedicated faculty members have been working tirelessly to introduce innovative teaching methods, and our staff has ensured a supportive environment where every student can thrive.

I encourage each student to make the most of the opportunities available—be it through academic programs, extracurricular activities, or community engagement initiatives. Remember, your journey here is not just about acquiring knowledge, but also about shaping your future and making a positive impact on society.

Let us continue to work together, supporting and inspiring each other, as we strive to make Ranchi Women's College an institution that nurtures leaders of tomorrow.

Warm regards,

**Dr Supriya**
Principal (I/c)
Ranchi Women's College

Scanned with CamScanner

# Credits:

**Patron:**
**Dr. Supriya**
Principal
Ranchi Women's College

**Editor :**
Dr. Kumari Urvashi
Assistant Professor
PG Department of Hindi
Ranchi Women's College

**Sub-Editor :**
1. Dr. Kiran Tiwari
   Assistant Professor
   PG Department of Hindi
   Ranchi Women's College
2. Dr. Mamta Kerketta
   Assistant Professor
   PG Department of English
   Ranchi Women's College
3. Dr. Manu Bharti
   Assistant Professor
   PG Department of English
   Ranchi Women's College



# संपादकीय

अत्यंत हर्ष का विषय है कि नियमित तौर पर निकलने वाला हमारा रांची विमेंस कॉलेज का न्यूज़लेटर यथाशीघ्र प्रकाशित होने जा रहा है। वर्ष 2023 के दिसम्बर अंक का यह न्यूज़लेटर प्रस्तुत है जिसमें महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों, क्रियाकलापों आदि को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

न्यूजलेटर महाविद्यालय से संबंधित गतिविधियों से समाज को अवगत कराने के साथ-साथ महाविद्यालय परिवार को प्रेरित करने का एक सशक्त एवं प्रभावी माध्यम है। इसके द्वारा बच्चों की प्रतिभा तथा कार्य-कौशल को उनके अभिभावकों तथा समाज तक पहुँचाया जा सकता है।

सक्रिय बच्चों की गतिविधियों को देखकर अंतर्मुखी विद्यार्थियों के भीतर अभिरुचि के साथ-साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होता है। यह मेरा पूर्ण विश्वास है कि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुप्रिया एवं न्यूज लेटर की संपादकीय टीम का यह प्रयास आप सभी को अवश्य प्रभावित करेगा। मैं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुप्रिया के प्रति उनके सहयोग एवं उत्साहवर्धन के लिए कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ।

मैं महाविद्यालय के विद्यार्थियों, अध्यापकों तथा संपादकीय मण्डल के सभी सदस्यों को उनके सराहनीय प्रयास के लिए बधाई तथा धन्यवाद देती हूँ।

शुभकामनाओं के साथ सहयोग के लिए हार्दिक आभार!

डॉ कुमारी उर्वशी
सहायक प्राध्यापिका
हिंदी विभाग, रांची विमेंस कॉलेज, रांची

Scanned with CamScanner

### दिनांक 31 जुलाई 2023

रांची विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ हर्षिता सिन्हा ने युवा संवाद के तहत कार्यक्रम आयोजित किया। साइंस ब्लॉक के सेमिनार हॉल में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर रांची विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार शामिल हुए। निर्णायक मंडल का नेतृत्व दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ गीता सिंह ने किया। आयोजित कार्यक्रम में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी तथा रांची विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर ब्रजेश कुमार ने कहा कि हमें पंच प्राण को लेकर 2047 तक चलना है। जब आजादी के 100 साल होंगे, आजादी के दीवानों के सारे सपने पूरा करने का जिम्मा उठा करके चलना है। प्रधानमंत्री ने "विकसित भारत" को पहला प्राण बताया है और कहा कि इससे कुछ कम नहीं होना चाहिए। गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाने को उन्होंने दूसरा प्राण बताया और कहा कि गुलामी का एक भी अंश अगर अब भी है, तो उसको किसी भी हालत में बचने नहीं देना है। उन्होंने कहा कि इस सोच ने कई विकृतियां पैदा कर रखी है, इसलिए गुलामी की सोच से मुक्ति पानी ही होगी। प्रधानमंत्री ने विरासत पर गर्व करने को तीसरा प्राण बताया और कहा कि यही वह विरासत है जिसने भारत को स्वर्णिम काल दिया है। उन्होंने एकता और एकजुटता को चौथा प्राण और नागरिकों के कर्तव्य को पांचवां प्राण बताया। जब सपने बड़े होते हैं जब संकल्प बड़े होते हैं तो पुरुषार्थ भी बहुत बड़ा होता है। शक्ति भी बहुत बड़ी मात्रा में जुट जाती है। हमें इस 25 साल में विकसित भारत बना कर ही रहना है। अपनी आंखों के सामने इसे कर के दिखाना है। भारत 1947 में आजाद हुआ था और उसने 2022 में आजाद देश के रूप में 75 साल की यात्रा पूरी कर ली है। सरकार की ओर से अगले 25 साल के कालखंड को "अमृत काल" का नाम दिया गया है। छात्राओं के लिए आयोजित युवा संसद में निर्णायक मंडल का नेतृत्व कर रहीं दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ गीता सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लिए 'पंच प्राण' का आह्वान किया। वह भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद के खिलाफ बोलते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण के बारे में बात करते हुए कहा कि पांच संकल्प-देश को विकसित भारत के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प, गुलामी की मानसिकता को खत्म करना, भारत की विरासत और विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता की ताकत और राष्ट्र के प्रति नागरिकों के कर्तव्य, भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनाएंगे। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और अगले 25 वर्षों में हम 26 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था होंगे। 2047 में, जब हम स्वतंत्रता के 100 वर्ष मनाएंगे, भारत के पास दुनिया का सबसे युवा और सबसे कुशल कार्यबल होगा। पांच संकल्पों को अपनाकर और एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्यों को प्राप्त करके देश को बदलने की बड़ी चुनौती को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ हर्षिता सिन्हा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ भारती सिंह ने किया। रांची विमेंस कॉलेज में युवा संवाद के तहत रोशनी परवीन, आयशा फातिमा, आस्था कुमारी, सानिया कपूर, तनुश्री प्रधान, रिया सिन्हा, आरजू कुमारी, अंजली मिश्रा, स्मृति रानी, आकांक्षा तथा तनिष्क मिश्रा ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आयशा फातिमा, द्वितीय स्थान पर तनुश्री प्रधान तथा रिया सिन्हा तथा तृतीय स्थान पर रोशनी परवीन रहीं। युवा संवाद कार्यक्रम में लगभग 110 छात्राओं ने सहभागिता दी।





युवा संवाद में आयशा फातिमा अव्वल


वीमेंस कॉलेज में हुआ युवा संवाद कार्यक्रम



यूथ की आवाज बुलंद करने पर जोर

### दिनांक 12 अगस्त 2023

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रांची विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर कुमारी उर्वशी, डॉक्टर कुमारी भारती सिंह, डॉ हर्षिता सिंहा ने इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा, रांची के सहयोग से एक सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस सेमिनार का आयोजन किया जिसका शीर्षक था "सी विल साइन अ लाइट"। रांची हाई कोर्ट की एडवोकेट श्रीमती शुभा

झा, डॉ श्वेता लाल और सुश्री अंजलि तिवारी मुख्य अतिथि तथा वक्ता के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुईं। डॉ सुप्रिया ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि इनर व्हील मित्रता, सेवा और समझ पैदा करने वाला एक अंतरराष्ट्रीय महिला संगठन है। आज महाविद्यालय की छात्राओं को इनसे लाभान्वित होने का अवसर मिला है। इनर व्हील के उद्देश्य हैं, सच्ची दोस्ती को बढ़ावा देना, व्यक्तिगत सेवा के आदर्शों को प्रोत्साहित करना, और अंतरराष्ट्रीय समझ को बढ़ावा देना। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए नारी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्वेता लाल ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला कैंसर है। यह कैंसर यौन संचारित वायरस एचपीवी के संक्रमण के कारण होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2020 के दौरान दुनियाभर में लगभग 604 000 नए मामले और 342 000 मौतों के साथ सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला चौथा सबसे आम कैंसर है। सुषमा सिंह ने कार्यक्रम की समाप्ति पर धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो की कार्यकर्ता स्मृति और स्वरा ने किया। कार्यक्रम में एनसीसी की कोऑर्डिनेटर डॉ किरण तिवारी एवं दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ गीता सिंह, 200 की संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यकर्ताएं, एनसीसी की कैडेट एवं रांची विमेंस कॉलेज की छात्राएं शामिल हुईं।






सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक रहें महिलाएं

15.08.2023 को हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में एनएसएस की छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत छात्राओं के नाम दीक्षा कुमारी, रानी कुमारी महतो, अंशु कुमारी, अंजली मिश्रा, अदिति कुमारी, स्मृति रानी, शिल्पी डे हैं।







## दिनांक 2 सितंबर 2023

रांची विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ हर्षिता सिंहा ने राष्ट्रीय सेवा योजना झारखण्ड राज्य तथा रांची विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में वायु प्रदूषण विषय पर भाषण, पेंटिंग, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। रांची विमेंस कॉलेज में 2 सितम्बर 2023 को 1 बजे से स्मार्ट रूम (आर्ट्स ब्लॉक) में किया गया। भाषण प्रतियोगिता में ईशा राज, आस्था कुमारी, मानसी लुटावा, आयशा फातिमा, प्रीति कुमारी, सानिया खान, उमंग रहीम ने हिस्सा लिया। स्लोगन प्रतियोगिता में ऋषु कुमारी, अंशु कुमारी, अदिति कुमारी, तनीषा मिश्रा, तनिष्क मिश्रा, मृगंकी भंडारी, संजना कुमारी, प्रिया कुमारी ने हिस्सा लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में रितु चौधरी, प्रीति कुमारी, अनु कुमारी, अंशु कुमारी, सिलवंती कुमारी, आंकना चक्रवर्ती, रिया पॉल, दमयंती कुमारी, अमृता प्रीतम, गुलवाषा परवीन, निकिता, रक्षंदा नूर, नैना गुप्ता, अंजली कुमारी ने हिस्सा लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में सानिया कपूर, श्रेया राय, अंकिता सिंह, अंजलि टोप्पो, आरती कुमारी, राखी कुमारी, तनिष्क मिश्रा, सुप्रिय, आस्था कुमारी, ऋषु कुमारी, खुशी कुमारी, सोनम कुमारी, प्रीति कुमारी ने हिस्सा लिया। प्राचार्या डॉ सुप्रिया ने कार्यक्रम के अंत में सभी को शपथ दिलवाई कि "मैं ईश्वर को साक्षी मानते हुए निष्ठापूर्वक शपथ लेती हूँ, कि मैं वायु प्रदूषण से अपने पर्यावरण, वनों, वन्यप्राणियों के संरक्षण हेतु अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दूँगी। मैं स्वयं अपने घर एवं खेत में वृक्ष लगाऊँगी एवं उनको संरक्षित भी करूँगी। अन्य लोगों को भी वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण के लिये प्रेरित करूँगी। अपने घर,

नगर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना योगदान दूँगी एवं प्लास्टिक के उपयोग में कमी करने का भी वचन देती हूँ तथा मैं आवागमन के लिए सार्वजनिक वाहनों के उपयोग की शपथ लेती हूँ। जय हिन्द!" प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम में लगभग 120 छात्राओं ने हिस्सा लिया।





## दिनांक 11 सितंबर 2013

रांची विमेंस कॉलेज की आर्ट्स ब्लॉक की प्रोफेसर इंचार्ज डॉक्टर विनीता सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर कुमारी उर्वशी, डॉक्टर कुमारी भारती सिंह, डॉक्टर हर्षिता सिंहा ने आज विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर नुक्कड़ नाटक, काव्य पाठ और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्मृति रानी, आकांक्षा कुमारी, तनिष्क मिश्रा, गिन्नी यादव, आस्था कुमारी ने भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में स्मृति रानी, तनिष्क मिश्रा, आकांक्षा, आस्था ने हिस्सा लिया। नुक्कड़ नाटक में स्मृति रानी, गुलबाशा परवीन, रक्षंदा नूर, सपना कुमारी, मनीषा कुमारी, निकिता, रेखा महतो, सोनम कुमारी, अंजली कुमारी, शोभा कुमारी, नेहा तिर्की, रितिका कुमारी, श्रुति कुमारी की सहभागिता रही। साइंस ब्लॉक के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 40 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।









आत्महत्या रोकथाम दिवस पर किया अवेयर

रांची विमेंस कॉलेज आर्ट्स ब्लॉक की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ विनीता सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ हर्षिता सिंहा ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर नुक्कड़ नाटक, काव्य पाठ व भाषण प्रतियोगिताएं कराई, जिसका उद्देश्य लोगों में आत्महत्या न करने के प्रति जागरूकता पैदा करना है. साइंस ब्लॉक के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 40 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया. भाषण में स्मृति रानी, आकांक्षा कुमारी,



विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर किया नुक्कड़ नाटक

विमेंस कालेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्राएं • जागरण

जागरण संवाददाता, रांची : रांची विमेंस कालेज में सोमवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर नुक्कड़ नाटक, काव्य पाठ और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया प्रोफेसर इंचार्ज डा. विनीता सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रोग्राम आफिसर डा. कुमारी उर्वशी, डा. कुमारी भारती सिंह, डा. हर्षिता सिंहा की ओर से किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रांची विमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ हर्षिता सिंहा ने प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में नए कार्यकर्ताओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम और सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा वृक्षारोपण का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार उपस्थित रहे। छात्रों के मनोबल को बढ़ाने के लिए फैशन डिजाइनिंग की शिक्षिका डॉ रत्ना सिंह एवं अंग्रेजी विभाग की शिक्षिका डॉ सीमा प्रसाद कार्यक्रम में शामिल हुईं। दीप प्रज्वलन और राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य जीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के शुरुआत में खुशी भारती ने गणेश वंदना प्रस्तुत किया। तनिष्क मिश्रा, गिंनि यादव, रानी महतो के ग्रुप ने नृत्य किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन आयशा फातीमा और स्मृति रानी के द्वारा किया गया। रांची विमेंस कॉलेज के मैत्रेयी सभागार में आयोजित स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम में 300 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।





## दिनांक 24 सितंबर 2023

राष्ट्रीय सेवा योजना रांची विश्वविद्यालय, रांची के द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रोग्राम ऑफिसर का पुरस्कार प्रदान किया गया।



## दिनांक 30 सितंबर 2023

राष्ट्रीय सेवा योजना की रांची विमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ हर्षिता सिंहा ने प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में आज स्वच्छता अभियान चलाया। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के पत्र अनुसार दिनांक 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के द्वारा स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम आयोजित करना है। आज इसके तहत स्वच्छता अभियान, शपथ, क्विज़ प्रतियोगिता तथा स्किट का आयोजन किया गया। छात्राओं ने स्वच्छता अभियान के तहत क्लास रूम तथा पुस्तकालय में साफ-सफाई किया। क्विज़ प्रतियोगिता तथा स्किट का आयोजन आर्ट्स ब्लॉक के स्मार्ट रुम में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 40 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।







## दिनांक 12 अक्टूबर 2023

प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में रांची विमेंस कॉलेज, रांची की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई 1, 2, 3 की प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर कुमारी उर्वशी, डॉक्टर कुमारी भारती सिंह, डॉक्टर हर्षिता सिंहा ने मेरी माटी मेरा देश महोत्सव के तहत अमृत कलश रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा शपथ ग्रहण समारोह साइंस ब्लॉक की प्रोफेसर इंचार्ज डॉक्टर लिली बनर्जी के द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में आकांक्षा, तनिष्क, अनिशा, प्रीति, स्मृति, रक्षंदा सहित 200 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।





रांची वीमेंस कालेज में मेरी माटी मेरा देश महोत्सव आयोजित

कॉलेजों में निकली अमृत कलश यात्रा

## दिनांक 17 अक्टूबर 2023

रांची विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ हर्षिता सिंहा ने अर्शी एसोसिएशन फॉर सोशल वेलफेयर के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसके तहत छात्राओं का हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड शुगर जांच, बीएमआई जांच और ब्लड प्रेशर जांच किया गया। पारस हॉस्पिटल से डॉ अनुज कुमार तथा ऑर्किड मेडिकल सेंटर रांची से डाइटिशियन सरोज श्रीवास्तव ने छात्राओं से स्वास्थ्य संबंधी कई जानकारियां साझा की। उन्होंने कहा कि प्रकृति एवं जीवन के बीच आराधना का अर्शी एसोसिएशन फॉर सोशल वेलफेयर से प्रोटेक्ट कोऑर्डिनेटर सुप्रिया वर्मा, स्वाति वर्मा, श्रेया, ज्योति, नीतू का उल्लेखनीय योगदान रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यकर्ताएं तनिष्क मिश्रा, आकांक्षा, स्मृति रानी, अनीशा कुमारी सहित 150 कार्यकर्ताओं तथा 200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।







प्रकृति व जीवन में आराधना का विशेष महत्व

विमेंस कॉलेज में लगा स्वास्थ्य शिविर

RANCHI (17 Oct): विमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ हर्षिता सिंहा ने अर्शी एसोसिएशन फॉर सोशल वेलफेयर के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया. जिसके तहत छात्राओं का हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड शुगर जांच, बीएमआई जांच और ब्लड प्रेशर जांच किया गया. पारस हॉस्पिटल से डॉ अनुज कुमार तथा ऑर्किड मेडिकल सेंटर रांची से डाइटिशियन सरोज श्रीवास्तव ने छात्राओं से स्वास्थ्य संबंधी कई जानकारियां साझा की. उन्होंने कहा कि प्रकृति एवं जीवन के बीच आराधना का अपना विशेष महत्व है. पूजा के माध्यम से भक्त प्रकृति से मिले बहुमूल्य उपहार के लिए देवी का आभार व्यक्त करते हैं. इस सोच का उदाहरण नवरात्रि के दौरान देखने को मिलता है. नवरात्रि के व्रत में कैसा डाइट लें, ये सब ऑर्किड मेडिकल सेंटर रांची डाइटिशियन सरोज श्रीवास्तव ने कहा कि नवरात्रि में बहुत से लोग 9 दिन का व्रत रखते हैं. जो कई लोग एक समय खाना खा लेते लेकिन ज्यादातर लोग नवरात्रि में फलाहार से व्रत रखते हैं.

## दिनांक 31 अक्टूबर 2023

रांची महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुप्रिया के निर्देशन में एनएसएस इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी



Scanned with CamScanner

ने रांची महिला महाविद्यालय के कला संकाय में एकता शपथ, एकता रैली तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्मतिथि पर हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इनकी भारत के राजनीतिक एकीकरण में प्रमुख भूमिका थी। इस दिन का आरम्भ भारत सरकार द्वारा सन् 2014 में किया गया था। सरदार वल्लभभाई पटेल एक मजबूत, अडिग और दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे। भारत एक एकीकृत सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक संरचना वाला देश है। यह उन लोगों के एक समूह को दर्शाता है जिनमें एकता की भावना है, जो सामान्य इतिहास, समाज, संस्कृति और मूल्यों के आधार पर निर्मित है। एकता की यह भावना लोगों को एक राष्ट्र में बांधती है। कार्यक्रम में लगभग 75 छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की।






## स्टूडेंट्स ने ली एकता की शपथ, रैली निकली



महिला कॉलेज में सरदार की

एकता की भावना है

**रांची वीमेंस कॉलेज की छात्राओं ने निकाली रैली**

**रांची।** रांची वीमेंस कॉलेज, एनएसएस इकाई की ओर से मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती, राष्ट्रीय एकता दिवस पर एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ

प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में रांची विमेंस कॉलेज रांची की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, इकाई दो की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी भारती सिंह, इकाई तीन की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ हर्षिता सिंहा ने आज फिट इंडिया मिशन के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ गीता सिंह उपस्थित रहीं। संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ ब्रजेश कुमार ने की जो कि राष्ट्रीय सेवा योजना के झारखण्ड राज्य के समन्वयक हैं तथा रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के कोऑर्डिनेटर भी हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत में एक राष्ट्रव्यापी अभियान है जिसका उद्देश्य व्यवहार में परिवर्तन लाना और अधिक शारीरिक रूप से सक्रिय जीवन शैली की ओर बढ़ना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में, फिट भारत अभियान ने निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु विभिन्न पहलों और कार्यक्रमों के आयोजन करने का प्रस्ताव रखा है जैसे फिटनेस को आसान, मजेदार और निःशुल्क बढ़ावा देना। केन्द्रित अभियानों के माध्यम से फिटनेस को वृद्धि देने वाली फिटनेस और विभिन्न शारीरिक गतिविधियों पर जागरूकता फैलाना।


देशज खेलों को बढ़ावा देना। फिटनेस को प्रत्येक विद्यालय, महाविद्यालय विश्वविद्यालय, पंचायत्त, ग्राम आदि तक पहुँचाना। भारत के नागरिकों हेतु जानकारी साझा करने, जागरूकता बढ़ाने और निजी फिटनेस कहानियों को साझा करने और प्रोत्साहित करने हेतु एक मंच प्रस्तुत करना। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ गीता सिंह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने शारीरिक फिटनेस को जीवन का एक तरीका बनाने के उद्देश्य से 29 अगस्त 2019 को "फिट इंडिया मूवमेंट" की शुरुआत की है। फिट इंडिया मूवमेंट का उद्देश्य आसीन जीवन शैली से लेकर दिन-प्रतिदिन के जीवन के शारीरिक रूप से सक्रिय तरीके से व्यवहार में परिवर्तन करना है । डॉ कुमारी उर्वशी ने कहा कि मैं फिट तो इंडिया फिट के नारे के साथ फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत हुई। अभियान में एक "फिटनेस प्रतिज्ञा" है जिसमें लिखा है, मैं खुद से वादा करता हूँ कि मैं हर दिन शारीरिक गतिविधि और खेल के लिए समय समर्पित करूँगा और मैं अपने परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों को शारीरिक रूप से फिट रहने और भारत को एक फिट राष्ट्र बनाने के लिए प्रोत्साहित करूँगा। डॉ कुमारी भारती सिंह ने कहा कि फिट रहना इसलिए जरूरी है, क्योंकि इससे आप आत्मनिर्भर बनाते हैं और कई तरह की गंभीर बीमारियों से बचे रहते हैं। बेहतर स्वास्थ्य के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहना बेहद जरूरी है। आप फिट रहेंगे, तो मानसिक और शारीरिक तनाव को आसानी से झेल सकेंगे। हमारा शरीर दिनभर एक मशीन की तरह काम करता है। दो हर्षिता सिंहा ने कहा कि फिटनेस का क्या मतलब है? शरीर को स्वस्थ रखने या उसे स्वस्थ बनाने की क्षमता होती है। यह एक स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण घटक है जो शारीरिक और मानसिक स्थिरता तथा सुगमता को प्राप्त करने में मदद करता है। फिटनेस के लिए व्यायाम, उचित खानपान, नींद तथा नियमित चेकअप शामिल होते हैं। संगोष्ठी में रक्षंदा नूर,



Scanned with CamScanner

स्मृति रानी, आकांक्षा, आस्था, प्रीति, श्रुति ने भी अपने विचार रखें। कल 26 नवंबर को संविधान दिवस है। संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर रांची विमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। तथा छात्रों के लिए लोकतंत्र और संविधान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में लगभग 120 कार्यकर्ताओं का योगदान रहा। कार्यक्रम स्थल रांची विमेंस कॉलेज के आर्ट्स ब्लॉक में सेमिनार हॉल रहा।









मैं वादा करता हूं कि खुद फिट रहूंगा, दूसरों को भी अवेयर करूंगा

टाइम में कैट का नया बैच 27 नवंबर से

जयपाल-जुलियुस-हन्ना सम्मान आज

विद्यापति के योगदान पर हुआ सेमिनार

26/11/2023

संत जेवियर्स में 98 यूनिट रक्त एकत्र हुए

वीमेंस कॉलेज में फिट इंडिया पर संगोष्ठी

## रांची वीमेंस कॉलेज में संविधान दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



रांची। रांची विमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. कुमारी उर्वशी, इकाई दो की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. कुमारी भारती सिंह, इकाई तीन की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. हर्षिता सिन्हा ने प्राचार्या डॉ. सुप्रिया के निर्देशन में संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का पाठ व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रक्षणंधा नूर, स्नातकोत्तर फैशन डिजाइनिंग सेमेस्टर 3 की छात्रा रहीं। द्वितीय स्थान पर स्नातक सेमेस्टर 5 की छात्रा रेखा रहीं व तीसरे स्थान पर फैशन डिजाइनिंग स्नातक की छात्रा मनीषा रहीं।

### दिनांक 2 दिसंबर 2023

प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में रांची विमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रांची विमेंस कॉलेज रांची की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, इकाई दो की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी भारती सिंह, इकाई तीन की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ हर्षिता सिंहा ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सहयोग से दिनांक 2 दिसंबर 2023 को 1:00 बजे से आर्ट्स ब्लॉक के सेमिनार हॉल में रानी लक्ष्मीबाई जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिन कार्यकर्ताओं ने भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया उनके नाम हैं विशाखा यादव, मनीषा कुमारी, सुमन, प्रतिभा, ज्योति, आंचल, मधु, सना साफी, शोभा कुमारी, विशाखा कुमारी, संस्कृति चौहान, प्रीति साहू, कृतिका, प्रज्ञा कृति, आयशा फातिमा, मधु प्रिया, अन्ना लकड़ा, कृति कुमारी, मुस्कान प्रवीण, आस्था कुमारी, लकी कुमारी, अनु कुमारी, अंजलि मिश्रा, सुप्रिया बाखला, निशु कुमारी, प्रियांशु कुमारी, तनु कुमारी, निधि कुमारी, प्रीति कुमारी तथा उर्मिला टोप्पो। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आयशा फातिमा, द्वितीय स्थान पर आस्था कुमारी तथा तृतीय स्थान पर अंजली मिश्रा रहीं। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की तरफ से किरण, ज्योति, सुमन, मधु, प्रतिभा, आंचल, तथा सना साफी मौजूद रहीं।





## RANCHI WOMEN'S COLLEGE, RANCHI

3 JHAR GIRLS BN NCC, RANCHI

ACTIVITIES DONE BY CADETS OF RANCHI WOMEN'S COLLEGE

FROM:- JULY 23 to DEC 23

### 1. KARGIL VIJAY DIWAS

No. of cadets participated:- 27 Date:- 26th July 2023

At :- WAR MEMORIAL DEEPATOLI

Note:- photos not allowed

### 2. ADIWASI DIWAS

No. of cadets participated:- 30 Date:- 08th Aug 2023

At:- DIKSHANT MANDAP MORABADI





### 3. DOCTOR'S VISIT

No. of cadets participated:- 38 Date:- 12th Aug 2023

At:- MAITREYEE AUDITORIUM



### 4. INDEPENDENCE DAY(preprations)

No. of cadets participated:- 15 Date:- 14th Aug 2023

At:- MAITREYEE AUDITORIUM





### 5. INDEPENDENCE DAY cum RANK CEREMONY


No. of cadets participated:- 39 Date:- 15th Aug 2023

At:- FLAG HOSTING: ground

RANK CEREMONY & CULTURAL ACTIVITIES: MAITREYEE AUDITORIUM

Guest:- Dr. SUPRIYA (Principal)



### 6. TEACHER'S DAY

No. of cadets participated:- 40 Date:- 5th Sep 2023


Guest:- Lt. Dr. KIRAN TIWARI (ANO)




### 7. DRUG TRAFFICKING

No. of cadets participated:- 12 Date:- 11th Sep 2023

Events:- QUIZ & SPEECH

### 8. WEAPON TRAINING

No. of cadets participated:- 24 Date:- 27th Sep 2023

At:- DIPATOLI CANTT.




### 9. SWACHTA ABHIYAN

No. of cadets participated:- 15 Date:- 1st Oct 2023

At:- MORABADI



Scanned with CamScanner



### 10. TRAFFIC CONTROL

No. of cadets participated:- 24 Date:- 20th Oct 2023


At:- JAIL CHOWK




### 11. DURGA PUJA VOLUNTEER

No. of cadets participated:- 22 Date:- 22nd, 23rd and 24th Oct 2023






### 12. LIFE SUPPORT

No. of cadets participated:- 21 Date:- 25th Oct 2023

At:- MILITARY HOSPITAL NAMKUM



### 13. NISM

No. of cadets participated:- 50 Date:- 30th Oct 2023

At:- Sc. Block (RWC)



### 14. POSTER MAKING COMPETITION

No. of cadets participated:- 77 Date:- 29th Nov 2023

Topic:- AIDS DAY



### 15. RALLY ON AIDS DAY

No. of cadets participated:- 80 Date:- 01st Dec 2023






### 16. ATC W.e.f. XV (ANNUAL TRAINING CAMP)

No. of cadets participated:- 52

Date:- 28th Dec 2023 - 06th Jan 2024 At:- GURU NANAK Hr. Sec SCHOOL





Scanned with CamScanner

# महाविद्यालय की गतिविधियां

## दिनांक 8 जुलाई 2023






रांची वीमेंस कॉलेज, रांची ने 8 जुलाई, 2023 को बीएड विभाग की छात्राओं की उल्लेखनीय कलात्मक प्रतिभा को उजागर करते हुए एक शानदार शिल्प प्रदर्शनी "मेराकी" का आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने इच्छुक कारीगरों को अपने रचनात्मक कौशल प्रदर्शित करने और पारंपरिक शिल्प को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में कुलपति की ओएसडी डॉ. स्मृति सिंह, रांची वीमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुप्रिया, बीएड विभाग की समन्वयक डॉ. शोभना शरण और क्राफ्ट प्रभारी श्रीमती सरिता सिंह सहित रांची विमेंस कॉलेज की शिक्षिकाएं और छात्राएं शामिल हुईं। आगंतुक प्रतिभाशाली छात्राओं द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट शिल्प कौशल और बारीकियों पर ध्यान देखकर आश्चर्यचकित रह गए। बीएड की छात्राओं ने कला क्षेत्र में बेहतरीन प्रर्दशन किया जैसे मंडला पेंटिंग, टाई एंड डाई, लिप्पन आर्ट आदि। छात्राओं ने झारखण्ड की कला, संस्कृति, हस्तकला और पाक कला से लोगों को रूबरू कराया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल उनके कलात्मक प्रयासों का जश्न मनाया बल्कि क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देना भी था। प्रदर्शनी को कुलपति और प्राचार्या से शिल्प के प्रति जुनून को आगे बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए पारंपरिक कला रूपों के संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए जबरदस्त सराहना और प्रोत्साहन मिला।

## दिनांक 11 सितंबर 2023

प्रत्येक वर्ष 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के रुप में मनाया जाता है। जिसका मुख्य थीम है क्रिएटिंग होप थ्रू एक्शन। आज दिनांक 11 सितंबर 2023 को छात्र परामर्श केंद्र मनोविज्ञान विभाग, रांची महिला महाविद्यालय और टेली मानस सी आई पी के सहयोग से रांची महिला महाविद्यालय के मैत्रेयी सभागार में मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा का आयोजन किया गया। उक्त विषय पर सी आई पी से आए तीन परामर्शदाता सुश्री नेहा कुमारी, श्रीमती गुरमीत कौर एवं श्रीमती ज्योति रोहिल्ला ने अपने-अपने विचार रखे। सुश्री नेहा कुमारी ने मानसिक स्वास्थ्य एवं उसके रिस्क फैक्टर के बारे में चर्चा की। श्रीमती गुरमीत कौर ने मानसिक स्वास्थ्य के अलग-अलग संकेतकों के बारे में बताया तथा बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के उपाय बताए। श्रीमती ज्योति ने झारखण्ड सरकार के टेली मानस काउंसलिंग सेवा के बारे में बताया जहाँ 24/7 सेवा टोल फ्री नंबर पर प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के प्रश्नों के भी उत्तर दिए गए। इस कार्यक्रम में साइंस ब्लॉक की प्रोफेसर इंचार्ज डॉक्टर लिली बनर्जी, मनोविज्ञान विभाग की विभाग अध्यक्ष श्रीमती रोहिता विकास, डॉक्टर पुष्पा सिंह, डॉक्टर अलका रानी बारा, डॉक्टर अमित रुंदा, डॉक्टर राजबाला कुमारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



## दिनांक 12 सितंबर 2023

रांची महिला एवं निर्वाण अकादमी के प्लेसमेंट और प्रशिक्षण सेल ने साइंस ब्लॉक के सेमिनार हॉल में सॉफ्ट स्किल्स और प्लेसमेंट पर एक सेमिनार का आयोजन किया। सत्र की शुरुआत निर्वाण अकादमी के निदेशक श्री अमित एकलव्य के स्वागत भाषण से हुई, उन्होंने अध्यक्ष श्री विमलांशु शेखर मल्लिक का संक्षिप्त परिचय भी दिया। श्री मलिक ने अपने भाषण में छात्रों को दूसरों के साथ बातचीत करते समय सॉफ्ट स्किल्स और बॉडी लैंग्वेज के बारे में समझाया। उन्होंने छात्रों को अधिक से अधिक किताबें पढ़ने के फायदे भी बताए। सेमिनार में निर्वाण की केंद्र प्रबंधक सुश्री श्वेता मल्लिक भी उपस्थित थीं। सेमिनार में फैशन डिजाइनिंग, बायोटेक्नोलॉजी, सूचना प्रौद्योगिकी, मनोविज्ञान विभाग के छात्र मौजूद रहे। सेमिनार में उपस्थित शिक्षक थे, श्रीमती रत्ना, श्रीमती हर्षिता सिन्हा, डॉ. शोमा रॉय, डॉ. सुप्रिया श्रीवास्तव और श्रीमती डॉली। कार्यक्रम का सफल आयोजन प्लेसमेंट टीम प्रभारी रोहिता विकास, हर्षिता सिन्हा, रत्ना एवं डॉली द्वारा किया गया।




### वीमेंस कॉलेज में फैकल्टी व एन्क्रोचमेंट की समस्या

### Traditional Colour

### महिलाओं के प्रोडक्ट को बाजार दिलाने का प्रयास

### राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार बोले : पढ़ाई के साथ स्किल डेवलपमेंट पर भी ध्यान दें

जय डांस एकेडमी का 18वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

### वीमेंस कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

रांची। रांची वीमेंस कॉलेज में सोमवार को विकसित भारत एट-2047 पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सभी विभागों की छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्राचार्या डॉ सुप्रिया ने कहा, देश में आर्थिक अवसरों को बेहतर बनाने, अधिक विदेशी निवेश और अधिक नौकरियां लाने के लिए, सरकार को हमारे विनिर्माण क्षेत्र को महत्वपूर्ण बढ़ावा देने की आवश्यकता है। सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षिकाएं समेत 600 छात्राओं की प्रतिभागिता रही।

**एक नजर में**

### निबंध प्रतियोगिता में 600 छात्राओं ने लिया हिस्सा

रांची : रांची वीमेंस कालेज में 'विकसित भारत @2047 के लिए विचार' विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में कालेज के प्रत्येक विभागों के छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्राचार्या डा सुप्रिया ने कहा कि विकसित भारत @2047 का उद्देश्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। यह दृष्टिकोण आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता सहित विकास के पहलुओं को सम्मिलित करता है। (जासं)

### जनजातीय समुदाय की महिलाएं परिश्रमी और जागरूक: गवर्नर

### वीमेंस कॉलेज को प्रदान किये गये एसी और वाटर प्यूरीफायर

### द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं का किया स्वागत

### भारत बनेगा 35 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी वाला देश

### नागपुरी व मणिपुरी नृत्य पर थिरकीं छात्राएं

### 700 प्रतिभागियों ने दिखायी प्रतिभा

दैनिक भास्कर, 17.12.2

### वीमेंस कॉलेज में 'विकसित भारत ... विषय पर सेमिनार और निबंध प्रतिय...



रांची | रांची वीमेंस कॉलेज में 'विकसित भारत@47' विषय पर सेमि... आयोजन किया गया। साथ ही निबंध प्रतियोगिता भी हुई। प्रिंसिपल ड... निर्देशन में कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। विकसित भारत@20... आजादी के 100वें वर्ष यानी वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसि... है। हिंदी विभाग में आयोजित इस विषय पर आधारित सेमिनार में यह... खुलकर सामने आया कि 2047 में हमारे भारत का आर्थिक विकास... प्रगति व सुशासन सहित विकास के पहलुओं को सम्मिलित करना अ...

### कालेज जाने के लिए छात्राओं को मिले बस की सुविधा

रांची : रांची वीमेंस कालेज के हिंदी विभाग में शिक्षक अभिभावक के बीच बैठक हुई। छात्राओं व अभिभावकों से संबंधित समस्याओं को शिक्षिकाओं ने सुना और उनका निदान प्रस्तुत किया। सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं के अभिभावकों ने आवागमन में आने वाली समस्याओं का जिक्र करते हुए कालेज से बस की सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया। विभागाध्यक्ष डा सुनीता यादव ने सभी अभिभावकों को अपनी बच्चियों को निर्धारित समय पर कालेज भेजने, उसे पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया। (जासं)

### 1 से यूथ फेस्टिवल

...दिसंबर से यूथ फेस्टिवल का आयोजन ... आयोजन 22 दिसंबर तक होगा. इसमें माइम, ऑन द स्पॉट पेंटिंग्स, कार्टूनिंग, ...जन, फोल्क सांग, सोलो, वन एक्ट प्ले

प्रभात खबर, 19.12.23

गूंजे गीत, नृत्य ने किया मंत्रमुग्ध

### रांची वीमेंस कॉलेज में तीन दिवसीय युवा महोत्सव शुरू



### वीमेंस कालेज में टैगोर व दिनकर के काव्यों का हुआ पाठ



